# कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहरसा।

(प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)
Email : bep.saharsa@gmail.com

## कार्यालय–आदेश

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक : **2215** दिनांक **27.04.2026** के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों यथा अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया के नियोजन हेतु समय–सारणी निर्गत की गयी है। निर्गत समय–सारणी एवं दिये गये निर्देश तथा जिला नियोजन समिति, सहरसा के दिनांक **16.05.2026** को आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में सहरसा जिलान्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में चतुर्थ वर्गीय कर्मियों यथा अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया के रिक्त पदों के विरूद्व आवेदकों/आवेदनकर्ता का काउन्सिलिंग निम्न रूपेण निर्धारित किया जाता है :–

1. काउन्सिलिंग दिनांक – **08.06.2026, 09.06.2026, 10.06.2026, 11.06.2026, 12.06.2026, 13.06.2026,15.06.2026 एवं 16.06.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक +2 राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के सभागार में आयोजित किया जायेगा।**
2. पदवार निर्धारित तिथि :–

| क्रम संख्या | काउन्सिलिंग की निर्धारित तिथि | काउन्सिलिंग की निर्धारित समय | पद का नाम | काउन्टरवार उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी का पोर्टल क्रम संख्या | | | | | | कुल अभ्यर्थी की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1 | 08.06.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | रात्रि प्रहरी/चौकीदार | क्रम सं0 01 से 60 | क्रम सं0 61 से 120 | क्रम सं0 121 से 180 | क्रम सं0 181 से 240 | क्रम सं0 241 से 300 | क्रम सं0 301 से 360 | 360 |
| | 09.06.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | | क्रम सं0 360 से 420 | क्रम सं0 421 से 480 | क्रम सं0 481 से 540 | क्रम सं0 541 से 600 | क्रम सं0 601 से 660 | क्रम सं0 661 से 720 | 360 |
| | 10.06.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | | क्रम सं0 721 से 780 | क्रम सं0 781 से 820 | क्रम सं0 821 से 880 | क्रम सं0 881 से 940 | क्रम सं0 941 से 1007 | – | 287 |
| 2 | 11.06.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | अनुसेवक | क्रम सं0 01 से 50 | क्रम सं0 51 से 100 | क्रम सं0 101 से 150 | क्रम सं0 151 से 200 | क्रम सं0 201 से 250 | क्रम सं0 250 से 300 | 300 |
| | 12.06.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | | क्रम सं0 301 से 350 | क्रम सं0 351 से 400 | क्रम सं0 401 से 450 | क्रम सं0 451 से 500 | क्रम सं0 501 से 550 | क्रम सं0 551 से 609 | 309 |
| 3 | 13.06.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | मुख्य रसोईया | क्रम सं0 01 से 50 | क्रम सं0 51 से 100 | क्रम सं0 101 से 150 | क्रम सं0 151 से 200 | क्रम सं0 201 से 264 | – | 264 |
| | 15.06.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | सहायक रसोईया | क्रम सं0 01 से 50 | क्रम सं0 51 से 100 | क्रम सं0 101 से 150 | क्रम सं0 151 से 171 | – | – | 171 |
| 4 | 16.06.2026 | 11:00AM TO 05:00 PM | छुटे हुए सभी पद के अभ्यर्थियों के लिए। | | | | | | | |

3. सभी अभ्यर्थी उपरोक्त तालिका एवं संलग्न सूची के अनुसार काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं समयवधि में अपने आवेदित क्रमांक के अनुसार उपस्थित होंगे।
4. सभी संबंधित अभ्यर्थी को काउन्सिलिंग के समय अपने आवेदन पत्र, उसके साथ संलग्न शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आरक्षण संबंधी प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए क्रिमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र) जाति, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक अभिलेख/दस्तावेज की स्वच्छ स्व–अभिप्रमाणित दो प्रति लेकर आयेगें, साथ ही सभी अभिलेख का मूल प्रति के साथ काउन्सिलिंग में भाग लेगें।

# कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहरसा।

(प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)
Email : bep.saharsa@gmail.com

5. काउन्सिलिंग हेतु कार्यालय आदेश एवं पदवार अभ्यर्थी सूची, निर्धारित तिथि, समय, स्थल एवं काउन्टर संख्या जिले के वेबसाईट saharsa.bih.nic.in एवं www.bepsaharsa.org पर प्रकाशित किया गया है, जहाँ संबंधित अभ्यर्थी अपने काउन्सिलिंग तिथि, समय, एवं स्थल आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
6. काउन्सिलिंग हेतु +2 राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, सहरसा/सभा कक्षा में दिनांक 08.06.2026, 09.06.2026, 10.06.2026, 11.06.2026, 12.06.2026, 13.06.2026, 15.06.2026 एवं 16.06.2026 को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी। प्रत्येक दिवस अभ्यर्थी के काउन्सिलिंग हेतु काउन्टर निर्धारित है, तदनुसार ही काउन्सिलिंग की जाएगी।

(हेमचन्द्र)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
सहरसा।

ज्ञापांक : **SSA/ KGBV/2026–27/**831 सहरसा, दिनांक 29/5/2026

प्रतिलिपि – सभी संबंधित अभ्यर्थी, जिला – सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि – प्रधानाध्यापक, +2 राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त कार्य हेतु 03 कमरा एवं एक हॉल उपलब्ध कराया जाय।

प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, सहरसा को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उपलब्ध कराये जा रहे **Excel Sheet** के आधार पर सभी अभ्यर्थियों को **SMS** के माध्यम से काउन्सिलिंग से संबंधित सूचना भेजने का कष्ट किया जाय।

प्रतिलिपि – जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सहरसा को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि संलग्न कार्यालय आदेश को जिला के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट किया जाय।

प्रतिलिपि – उप विकास आयुक्त, सहरसा की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि – जिला पदाधिकारी, सहरसा की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि – राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

mahesh 29/5/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सहरसा।